GM SWITCH TO A BETTER WORLD

# शताब्दी गौरव

cello

■ वर्ष: 27 | अंक: 06 | पृष्ठ: 28 | मूल्य: ₹3 ■ मुंबई | पाक्षिक | 1-15 मई, 2025 ■ संपादक: सिद्धराज लोढ़ा


## मारवाड़ के जल संरक्षण में प्रवासियों से उम्मीद

### राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन का 100 करोड़ के कार्यों का प्रस्ताव



सिद्धराज लोढ़ा

**शताब्दी गौरव**

मुंबई। मारवाड़ इलाके में भी लंबे समय से पानी कम होता जा रहा है। कम वर्षा, सतही जल की कमी, और भूजल के अत्यधिक दोहन ने गोड़वाड़ क्षेत्र में जल संकट को गहरा दिया है। हालांकि, हमारे गोड़वाड़ के जाने माने उद्योगपति प्रदीप राठोड़ की कोशिशों से राणकपुर इलाके में बीते कुछ सालों से इस दिशा में खास पहल जारी रही है, जिसकी वजह से वहां पर जल संकट कुछ हद तक कम होता जा रहा है। लेकिन सरकार और सामाजिक संस्थाएं इस समस्या से निपटने के लिए न केवल मारवाड़ बल्कि समस्त राजस्थान में विभिन्न स्तरों पर तेजी से सक्रिय हो रही हैं। हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल सरकार के जल संरक्षण प्रयासों और प्रबंधन के लिए नई योजनाएं लेकर मुंबई पहुंचे। मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान के प्रवासियों से जल संरक्षण में सहयोग का प्रस्ताव रखा। राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन ने राजस्थान सरकार के इस प्रयास को स्वीकार करते हुए एक सौ करोड़ के जल प्रबंधन प्रस्ताव मुख्य़मंत्री के समक्ष स्वीकार किए हैं। राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमेन प्रदीप राठौड़ एवं अध्यक्ष सुखराज नाहर ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान



भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री राजस्थान



प्रदीप राठौड़



सुखराज नाहर


**शताब्दी गौरव**

मारवाड़ में जल संरक्षण एवं जल विकास के सामाजिक सहयोग व राजस्थान सरकार के प्रयासों पर विशेष रिपोर्ट सेंटर पेज 14-15 पर


में अपना हर संभव सहयोग करने की पहल की है। गोड़वाड़ में सालाना न्यूनतम वर्षा औसतन 300-400 मिली मीटर ही होती है। इसके मुकाबले पानी की जरूरत ज्यादा होने की वजह और सतही जल स्रोतों की कमी के कारण यह क्षेत्र भूजल पर अत्यधिक निर्भर है, जिसके अंधाधुंध दोहन से जल स्तर तेजी से गिर रहा है। अनिश्चित मानसून और सूखे की स्थिति ने खेती को और जोखिम में डाल दिया है। इसी हालात को सुधारने के लिए राजस्थान सरकार ने एक नई पहल की है। मारवाड़ इलाके में, जल संकट से खेती और आजीविका के लिए संभावित एक बड़ी चुनौती से प्रवासी राजस्थानी समाज निपटने को तैयार है। समस्त राजस्थान के लिए यह सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देना है।

गोड़वाड़ में तालाबों, चेक डैम, और जोहड़ों का निर्माण इस अभियान के तहत किया जा रहा है, प्रदीप राठौड़ ग्रामीण क्षेत्रों में जल संग्रहण संरचनाओं को मजबूत करने के लिए स्थानीय समुदायों के साथ काम करते रहे हैं। आने वाले वक्त में गोड़वाड़ में जल संकट एक गंभीर चुनौती के रूप में उभर सकता है, लेकिन सरकार और सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से स्थिति में सुधार संभव है। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान और राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन जैसे संगठनों ने जल संरक्षण की दिशा में आशा जगाई है। स्थानीय समुदायों की भागीदारी, पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों का समन्वय, और टिकाऊ खेती के तरीकों को अपनाकर गोड़वाड़ को जल स्वावलंबी बनाया जा सकता है। राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन इसी दिशा में नए प्रयास कर रहा हैं।

## मारवाड़ में हाय - हाय गर्मी!

### मुंबई-मारवाड़ के बीच रात में विशेष ट्रेन की मांग

**शताब्दी गौरव**

मुंबई। गांव जाने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ रही है, लेकिन जरा सम्हल कर जाइएगा, क्योंकि राजस्थान झुलस रहा है, मारवाड़ जल रहा है और गोड़वाड़ तप रहा है। इस बार में गर्मी ने अप्रैल महीने में ही सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। मई आ गया है और मौसम विभाग प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार बने रहने की चेतावनी दे रहा है। नाकोड़ाजी एवं बड़माताजी के दर्शन करने जाने वाले भी सावधानी से जाएं, क्योंकि जैसलमेर, बाड़मेर व बालोतरा, जोधपुर, नागौर जिलों में तापमान ने अप्रैल महीने में ही 47 के आस पास जाकर पिछ्ले 55 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पाली, जालोर और सिरोही जिलों में अप्रैल महीने से ही गर्मी का प्रकोप तेज हो चुका है। गोड़वाड़ इलाके में तपती धूप और तेज गर्म हवाएं शरीर को जला रही हैं। जयपुर, ब्यावर, नागौर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, फलौदी में राजस्थान में सन 1969 के बाद अप्रैल महीने में इतनी गर्मी कभी नहीं दिखी, लेकिन इस बार हालात भयावह है। गर्मी के मारे रेल का सफर भयावह होना संभव है। दिन की गर्मी से बचने और एसी कोच की कमी के कारण राजस्थान मीटरगेज प्रवासी संघ ने रेल मंत्री से मुंबई- मारवाड़ के बीच रात में विशेष ट्रेन चलाने की मांग की है, ताकि गर्मी से निजात मिल सके।

















EXPERIENCE
REFRESHING COMFORT
GM
SWITCH TO A BETTER WORLD
Livo PLUS
PEDESTAL FAN
SWEEP 400 mm
Feel a cool burst of refreshing air in every corner of the room with the GM Livo Pedestal Fan. With an impressive 180° rotating feature, the fan ensures superior air distribution throughout the spaces. While its sleek design enhances the beauty of the interiors, its silent operation adds to the refreshing comfort.
POWERFUL MOTOR
RUSTPROOF BODY & BLADES
25 MONTHS WARRANTY
ENERGY EFFICIENT
NOISELESS OPERATION
TOP THERMAL OVERLOAD PROTECTOR
NOW AVAILABLE ON amazon
Modular Switches • Touch Switches • Wi-Fi Switches • Home Automation Solutions • Bluetooth Music System
Video Door Phones • LED Lighting • Wires & Cables • PVC Pipes & Fittings • DBs, MCBs & RCCBs • Fans & Appliances
Our Exclusive Experience Centres
www.gmmodular.com | info@gmmodular.com
Mumbai - Andheri +91 88799 18221 Lohar Chawl 022 2206 6545 Ahmedabad +91 91529 59541 Bengaluru +91 80409 71188 Belgaum +91 99453 33107
Chenai +91 91525 52453 Hyderabad +91 40247 34545 Vijayawada +91 86624 99945 Jalore +91 29732 22288 Bhilwara +91 8955048560 Calicut +91 49527 73500
Noida +91 99501 52527 Kolkata +91 33406 02048 Ranchi +91 94715 55599 Tirunelveli +91 94431 51008 Patna +91 70048 36171 Coimbatore +91 99523 07025
Puducherry +91 41345 00222 Surat +91 91520 88884 International - Dubai +97 142 51 80 08 +97 143 54 40 36 Spain +34 677 62 09 45 Kenya +25 4729234315

DL LAKHANI

Dewang Lakhani
9819384241

*Beyond Celebrations...*



*With Best Compliments From*

- LAKHANI CATERERS
- LAKHANI TRADERS
- LAKHANI CATERING
- LAKHANI HOSPITALITY
- NITYA INC

LD Lakhani Decorator

Rajesh Lakhani
9820084241

**OUR PANEL :** • **SAYA RESORT** (BHIWANDI) •**TULIP STAR** (JUHU, VILE PARLE W) •**NSCI**(WORLI) • **QUEENS LAWN** (BORIVILI W)

**OUR ASSOCIATES** • **BAYVIEW** (MAZGAON) • **KUTCHI GROUND** (BORIVILI W) • **PARSEE GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **KORA KENDRA GROUND** (BORIVILI W) • **WILSON GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **PUSPANJALI GROUND** (BORIVILI W) • **ISLAM GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **SRPF GROUND** (JOGESHWARI E) • **SOMAIYA GROUND** (GHATKOPAR) • **JVPD** (JUHU,VILE PARLE W)

**MOGRA** Banquet by D Lakhani Hospitality / Rajiv Gandhi Institute, Versova Link Road, (Andheri West).




**BANQUET • CATERING • DECOR • HOSPITALITY**






**LAKHANI BANQUET** Managed By D Lakhani Hospitality (Malad West)

**Office No 6, 1st Floor, Kutch Castle Building, Opp.Tiwari Sweets, Opera House, Mumbai - 400004.**

**Follow Us On** D LAKHANI HOSPITALITY http://dlakhanihospitality.com/

# जैन एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग फाउंडेशन (जेएटीएफ) और जीतो के सहयोग से UPSC CSE-2024 में शानदार सफलता

SEVA · KNOWLEDGE · ECONOMIC EMPOWERMENT JITO

JITO JATF ADMINISTRATIVE TRAINING FOUNDATION

**शताब्दी गौरव**

नई दिल्ली। जैन एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग फाउंडेशन (जेएटीएफ) और जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) ने हाल ही में घोषित यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (CSE) 2024 परीक्षा परिणामों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। जिसमें जेएटीएफ के 25 उम्मीदवारों ने अंतिम चयन सूची में जगह बनाई है, जो 34.24 प्रतिशत की शानदार सफलता दर है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जेएटीएफ ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 25 में से 4 उम्मीदवारों ने शीर्ष 125 रैंकों में स्थान प्राप्त किया, जिससे वे उच्चतम सिविल सेवाओं के लिए चुने गये है। इसके साथ ही 21 उम्मीदवार पहली बार सिविल सेवाओं में प्रवेश कर रहे हैं, जो जेएटीएफ के लिए एक गौरवशाली क्षण है।

जेएटीएफ के चेयरमेन इंदर जैन एवं प्रेसिडेंट गौतम जैन ने इस सफलता का श्रेय पिछले दो साल से किए गए बहुत सारे नए इनिसेटीव जो अभी डीसेंटली लिए जा रहे है जिसके अंदर टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन, अपना खुदका कॉन्टॅक्ट बनाना और पर्सनल मेंटरशिप देना और एक एक बच्चे को हैड-होल्डिंग करके एक एक बच्चो का एक्जामिनेश करके वो कहां पर कमजोर है उसको सपोर्ट देकर गाईड करना यह सब इसका परिणाम हैं। इसके साथ ही व्यवस्थित परिवर्तनों, शैक्षणिक सुधारों और रणनीतिक मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम नहीं है, बल्कि सेवा, एकता और सहयोग की भावना को भी दर्शाती है, जो जेएटीएफ का मूल आधार है। जेएटीएफ ने अपनी समर्पित मेंटरिंग और शैक्षणिक सुधारों के माध्यम से उम्मीदवारों को सिविल सेवा परीक्षा की कठिन चुनौतियों के लिए तैयार किया। जीतो ने अपनी निरंतर सहायता और प्रेरणा से इस मिशन को मजबूती प्रदान की। शैक्षणिक सलाहकार डी.सी. जैन के नेतृत्व में जेएटीएफ की प्रबंधन समिति (MC) ने चुस्त अनुकूलन और समर्पित शैक्षणिक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जेएटीएफ सलाहकार टीम ने कोर टीम के रणनीतिक चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने इस मिशन की स्थायी सफलता और सतत विकास की ओर अग्रसर किया।



इंदर जैन-चेयरमैन-जेएटीएफ



गौतम जैन-प्रेसिडेंट-जेएटीएफ

जेएटीएफ के चैयरमेन इंदर जैन एवं प्रेसिडेंट गौतम जैन ने इस उपलब्धि के लिए छात्रों और उनके परिवारों की अथक मेहनत और समर्पण, पूर्व जेएटीएफ टीम की कड़ी मेहनत जिन्होंने इस सफलता की नींव रखी, शैक्षणिक मेंटर और मेंटर अधिकारियों का उचित मार्गदर्शन, जीतो के दूरदर्शी पदाधिकारियों और जेएटीएफ कोर ग्रुप का निरंतर सहयोग बताया।

यह सफलता जेएटीएफ के मिशन को और मजबूत करेगी, जो न केवल सिविल सेवाओं में युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है, बल्कि समाज में सेवा और नेतृत्व के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भी समर्पित है जेएटीएफ और जीतो की यह साझेदारी भविष्य में और अधिक युवाओं को प्रेरित करेगी और उन्हें अपने सपनों को साकार करने में मदद करेगी। जेएटीएफ परिवार और समस्त जैन समुदाय को इस गौरवमयी उपलब्धि पर शताब्दी गौरव परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

Punit Surana

Associated with leading developers

- Avighna
- Lodha
- Kalpataru
- Gundecha
- Wadhva

Tie ups

- Home Loans
- Documentation
- Leasing

McCOM Property Consultatnts

MahaRERA Regn.No.:A51900007621

Residential - Commercial & Warehousing

Shop# 20, 1st Floor, Avighna IX, Opp. Ganesh Gally, Dr. B.A. Road, Lalbaug, Mumbai - 400 012

Tel.: (022) 24710819 Email: mipl.punit@gmail.com


RUNWAL
ENTERPRISES
SINCE 1978
MahaRERA Registration No.
Tower 1 - PR1170002400011, Tower 2 - P51900079270
www.maharera.mahaonline.gov.in.
EXTRAORDINARY SPACE.
EXCEPTIONAL LIVING.
ARTIST'S IMPRESSION
GRAND ENTRANCE LOBBY & RECEPTION
GRAND CLUBHOUSE
JAIN TEMPLE IN THE PREMISES
3 & 4 EXTRASPACIOUS RESIDENCES
₹ 6.76 CR. ONWARDS*
7 MAHALAXMI
LIVE EXTRAORDINAIRE.
#Jodi Apartments Also Available
At the junction of N. M. Joshi Marg & Sane Guruji Marg
A grand clubhouse of about 65,000 sq. ft. & ~1.5 acres of podium amenities
Exceptional 11 ft. clear height floor to ceiling
Construction in full swing
Shreepati Group
www.7mahalaxmi-runwalenterprises.com
Site Address: 7 Mahalaxmi, Junction of N. M. Joshi Marg & Sane Guruji Marg, Mumbai 400 011.
7 Mahalaxmi is a project being developed in phase wise manner jointly by Runwal Real Estates Pvt. Ltd. and Shreepati Build Infra Investment Limited. The offer is valid for a limited purpose only and on select apartments and the promoter reserves the right to modify or withdraw the same. This material does not constitute an offer and/or contract of any type between the owners and the recipient. Any purchaser/allottees of this project shall be governed by the terms and conditions of the booking form and agreement for sale to be entered into between the parties and no details mentioned in this material shall in any way govern such transaction. The project may undergo variations pursuant to change in plans, permissions and approvals of relevant authorities as per the prevailing government norms. The project is financed by IndusInd Bank Limited. *T&C Apply.
022 6931 5114

# ऑथम इनवेस्टमेंट को आरबीआई से ISARC में 79.28 प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहण की मंजूरी

**शताब्दी गौरव**

मुंबई। ऑथम इनवेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से इंडिया एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (ISARC) में 79.28 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है। ISARC एक सिडबी-प्रायोजित एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (ARC) है, और इस सौदे के पूरा होने पर यह ऑथम की सहायक कंपनी बन जाएगी।

कंपनी ने अपने बयान में बताया कि ऑथम 13 करोड़ नए शेयरों के जरिए ISARC में 56.52 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी, जिसके लिए वह ₹176.8 करोड़ का निवेश करेगी। इसके अतिरिक्त, मौजूदा शेयरधारकों से 22.76 प्रतिशत हिस्सेदारी ₹85.3 करोड़ में खरीदी जाएगी। इस तरह, कुल ₹262 करोड़ के निवेश से ऑथम ISARC की 79.28 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने नाम करेगी। इस पूंजी निवेश से ISARC का न्यूनतम नेटवर्थ ₹300 करोड़ तक पहुंच जाएगा, जो आरबीआई के मार्च 2026 तक ARC के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है।

पिछले साल 14 अक्टूबर 2024 को ऑथम ने ISARC के साथ एक शेयरधारक समझौते की घोषणा की थी, और 27 मार्च 2025 को आरबीआई ने इस सौदे को मंजूरी दी। सूत्रों के अनुसार, यह लेनदेन 31 मार्च 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। ऑथम को ISARC के बोर्ड में दो निदेशकों को नामित करने की भी अनुमति मिली है, जो कंपनी के लिए रणनीतिक नियंत्रण को और मजबूत करेगा। वित्तीय जानकारी के अनुसार, FY24 में ISARC का नेटवर्थ ₹129.68 करोड़ और टर्नओवर ₹2.47 करोड़ था, जो FY22 में ₹10.17 करोड़ और FY23 में ₹ 5.78 करोड़ से कम है। ऑथम का यह निवेश ISARC को वित्तीय रूप से मजबूत करने में मदद करेगा।

यह अधिग्रहण ऑथम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह कंपनी को डिस्ट्रेस्ड एसेट मैनेजमेंट में अपनी स्थिति को और सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। ARC सेक्टर में इस समय कई चुनौतियां हैं, जहां कुछ वैश्विक कंपनियां भारत से बाहर निकल रही हैं, और बैंक नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (NARCL) जैसे सरकारी समर्थित विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं। फिर भी, ऑथम की यह रणनीति उनके विविध क्रेडिट व्यवसाय को विकसित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

बाजार ने भी इस खबर का सकारात्मक जवाब दिया था। अक्टूबर 2024 में सौदे की घोषणा के बाद ऑथम के शेयरों में 3 प्रतिशत की उछाल देखी गई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अधिग्रहण ऑथम को वित्तीय सेवाओं में अपनी पहुंच बढ़ाने और दीर्घकालिक विकास के लिए नए अवसर प्रदान करेगा।



संयज डांगी



अल्पना डांगी

Mentor Capital Limited

AUTHUM

AUTHUM INVESTMENT & INFRASTRUCTURE LTD.



### आरबीआई की मंजूरी

ऑथम इनवेस्टमेंट को सिडबी-प्रायोजित ISARC में 79.28 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी मिली, जिसके बाद ISARC ऑथम की सहायक कंपनी बनेगी।

### निवेश और हिस्सेदारी

ऑथम ₹262 करोड़ के निवेश से 56.52 प्रतिशत हिस्सेदारी नए शेयरों (₹176.8 करोड़) और 22.76 प्रतिशत मौजूदा शेयरों (₹85.3 करोड़) के जरिए हासिल करेगी, जिससे ISARC का नेटवर्थ ₹300 करोड़ होगा।

### रणनीतिक महत्व

यह अधिग्रहण ऑथम को डिस्ट्रेस्ड एसेट मैनेजमेंट में अपनी स्थिति मजबूत करने और ARC सेक्टर में प्रतिस्पर्धी लाभ हासिल करने का अवसर देता है।

### लेनदेन की समयसीमा

सौदा 31 मार्च 2025 तक पूरा होने की उम्मीद, जिसमें ऑथम को ISARC के बोर्ड में दो निदेशक नामित करने का अधिकार भी मिला।

शा. तिलोकचन्दजी हजारीमलजी मुठलिया
रानीगांव / मुंबई
OLYMPIA GAMES AND TOYS
Since 1952
OLYMPIA GAMES & TOYS PVT. LTD
Manufacturer & Distributors of:
Toys, Games, Back to School Products & Children Related Items
101, Bhavya Apartment, 5th Road, Khar (W), Mumbai - 400052
Email: ogt.rtp@gmail.com
Mobile : 98200 19756 / 98200 19758 / 98200 49758 / 98200 19757


MD
MAXUS DOME
Jain Caterers
Delicious Innovations
Luxurious Grandeur
of Celebrations
BOOK NOW
+91 8080736222
Largest Pillarless Banquet in Mira-Bhayander.
Accommodation of 500 to 2000 Guests.
Luxurious Stay Up To 100 Guests.
6th floor, Maxus Mall Rd, Temba Road,
Padmavati Nagar, Bhayandar West,
Mira-Bhayandar






# अभिनेता श्रेयस तलपड़े बने नाकोडा के ब्रांड एम्बेसडर
## FMCG में एक नया अध्याय शुरू हुआ

NAKODA
Pure Ghee, Edible Oils & More...

मुंबई। भारत में सबसे तेजी से बढ़ते FMCG ब्रांड्स में से एक नाकोडा ने ब्रांड एम्बेसडर के रूप में प्रसिद्ध अभिनेता श्रेयस तलपड़े को शामिल करने की घोषणा की है। अपने मजबूत पारिवारिक आकर्षण और भारतीय परिवारों के साथ गहरे भावनात्मक जुड़ाव के साथ, श्रेयस तलपडे नाकोडा के विश्वास, शुद्धता और गुणवत्ता के मूल्यों के साथ पूरी तरह से प्रतिध्वनित होते हैं।

शुद्ध गाय के घी और रिफाइंड तेलों से लेकर कोल्ड प्रेस्ड खाद्य तेलों के प्रीमियम चयन तक खाना पकाने के माध्यमों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करते हुए नाकोडा जल्दी ही भारतीय रसोई में स्वास्थ्य और स्वाद का पर्याय बन गया है। मूल रूप से केवलचंद जैन और जगदीशचंद जैन द्वारा सह-स्थापित, कंपनी का नेतृत्व अब सीईओ रवि जैन और सीओओ नमन जैन कर रहे हैं, जो ब्रांड को एक मजबूत डायरेक्ट-टू- कंज्यूमर (D2C) मॉडल की ओर ले जा रहे हैं। नाकोडा के उत्पाद अब न केवल सभी प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध हैं, बल्कि इसकी नई लॉन्च की गई आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से भी उपलब्ध हैं, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली खाना पकाने की आवश्यक वस्तुएँ सिर्फ़ एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाती हैं। नाकोडा के सीईओ रवि जैन ने कहा, नाकोडा को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाना हमारी विकास यात्रा में स्वाभाविक अगला कदम था। हमारा ध्यान हमेशा असाधारण गुणवत्ता बनाए रखने पर रहा है, जबकि लॉजिस्टिक्स लागत न्यूनतम रही है - जिससे हम अपने ग्राहकों को सीधे लाभ पहुँचा सकें। सीओओ नमन जैन ने कहा, श्रेयस तलपड़े एक ऐसा नाम है जो विश्वसनीयता, गर्मजोशी और प्रासंगिकता रखता है । नाकोडा के साथ उनका जुड़ाव हमें पूरे भारत में



**नाकोडा को सीधे उपभोक्ता ओं तक पहुँचाना हमारी विकास यात्रा में स्वाभाविक अगला कदम था। हमारा ध्यान हमेशा असाधारण गुणवत्ता बनाए रखने पर रहा है, जबकि लॉजिस्टिक्स लागत न्यूनतम रही है - जिससे हम अपने ग्राहकों को सीधे लाभ पहुँचा सकें।**

**-रवि जैन**




**अभिनेता श्रेयस तलपड़े एक ऐसा नाम है जो विश्वसनीयता, गर्मजोशी और प्रासंगिकता रखता है। नाकोडा के साथ उनका जुड़ाव हमें पूरे भारत में अपने उपभोक्ताओं के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव बनाने में मदद करेगा।**

**- नमन जैन**

अपने उपभोक्ताओं के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव बनाने में मदद करेगा।

अभियान का रचनात्मक नेतृत्व रोहित बोस रॉय ने किया है, जो इस परियोजना में क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में शामिल हुए हैं, जो ब्रांड में एक नया, सिनेमाई विज़न लेकर आए हैं। निर्देशन का नेतृत्व नमन त्यागी ने किया है और रोहित बजाज ने इसका निर्माण किया है, जिनकी कहानी कहने की विशेषज्ञता से ब्रांड के मूल्यों और पेशकशों के इर्द-गिर्द एक उच्च-प्रभाव वाली कहानी पेश करने की उम्मीद है। ज़ममंत्रा ने नाकोडा को पूरी तरह से नेचुरल खाओ, दिलसे अपनाओ के नाम से रीब्रांड किया है, जो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। नाकोडा का नया D2C चैप्टर गुणवत्ता, सेवा, सामर्थ्य और विश्वास के स्तंभों पर खड़ा है। यह सब भारतीय घरों में सीधे स्वस्थ, शुद्ध खाद्य समाधान लाने के मिशन से प्रेरित है।

# आचार्य अरविंदसागर सूरीश्वरजी का सांडेराव में भव्य प्रवेश 30 मई को
## दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन



**शताब्दी गौरव**

सांडेराव। श्री शांतिनाथ भगवान, अधिष्ठायक देव श्री मणिभद्र वीर, श्री यशोभद्र सूरीश्वरजी म.सा. व श्री वल्लभदत्त विजय गुरु की पुण्यभूमि पर राष्ट्रसंत आचार्य श्री पद्मसागर सूरीश्वरजी म.सा. के प्रशिष्य शतवर्षीय पंचांग के निर्माता आचार्य श्री अरविंदसागर सूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा का भव्य प्रवेश होने जा रहा हैं।

श्री वड़ावास जैन संघ जैन संघ व श्री शांतिनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में गुरुदेव का भव्य प्रवेश 30 मई को सुबह 6 बजे होगा। 31 मई को बृहद् शांतिधारा पाठ सहित अखण्ड अभिषेक व नवकारसी, स्वामिवात्सल्य एवं चोविहार की व्यवस्था रखी गई हैं। गुरु भगवंतों का प्रवेश बावड़ी के पास से होगा। दो दिवसीय महोत्सव के संपूर्ण लाभार्थी मातोश्री पवनबेन मगनलालजी मूलचंदजी मेहता व मातोश्री कमलाबेन रतनचंदजी पूनमिया कुंदन परिवार हैं। दोनों परिवार ने दर्शन वंदन का लाभ लेने की विनंती की है।

# गिरनारधाम में विहारधाम का निर्माण
## आचार्य यशोवर्म सूरीश्वरजी की निश्रा में उद्घाटन 31 मई को




**शताब्दी गौरव**

मुंबई। मुंबई-अहमदाबाद हाइवे टच *(N.H.-48)* पर स्थित श्री गिरनारधाम जंहा 800 वर्षाधिक प्राचीन श्री नेमिनाथ दादा बिराजमान है व प्रतिवर्ष 2500 से अधिक श्रमण-श्रमणी भगवंतों का पदार्पण होता है, ऐसे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ आराधना जैन ट्रस्ट, मुंबई द्वारा संचालित श्री गिरनारधाम में विहारधाम का निर्माण किया गया हैं।

• पावन निश्रा • • उद्घाटनकर्ता •


आ. श्री यशोवर्म सूरीश्वरजी


मंगलप्रभात लोढ़ा

विहारधाम का निर्माण परम पूज्य लब्धि-विक्रम गुरू पट्टरत्न, हृदयस्पर्शी प्रवचनकार, आचार्य श्री विजय यशोवर्म सूरीश्वरजी महाराज, आचार्य श्री विजय भाग्ययश सूरीश्वरजी महाराज आदि विशाल श्रमण-श्रमणीवृंद की निश्रा में महाराष्ट्र के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा शनिवार 31 मई को सुबह 10.15 बजे करेंगे।

इसका संपूर्ण लाभ खोड़ निवासी मातुश्री कमलाबेन जुगराजजी मेहता परिवार ने लिया है। माणक जुगराजजी मेहता (Poonam Developers, Virar) ने इस अवसर पर उपस्थित रहने की अपील की हैं। कार्यक्रम का आयोजन श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ आराधना जैन ट्रस्ट, मुंबई द्वारा किया गया हैं।

# श्री नमिनाथ जैन देवस्थान पेढ़ी खौड़ ट्रस्ट मंडल की
## कार्यकारिणी 2025-30


अशोक संचेती
अध्यक्ष


रमेश धोका
उपाध्यक्ष


संजय सेमलानी
सचिव


विमलचंद तेलीसरा
कोषाध्यक्ष


जितेश लोढ़ा
सहसचिव


जितेंद्र पुनमिया
सहकोषाध्यक्ष


कुशलराज पारेख
सहकोषाध्यक्ष


प्रसन्नकुमार संचेती
ट्रस्टी


जयंत तेलीसरा
ट्रस्टी


सोहनराज सोलंकी
ट्रस्टी


WITTY®
HOSTELS
For Students & Professionals
The Safest and Most Luxurious Girls Hostel in Mumbai
MALAD (W)
JUHU
YOUR HOME AWAY FROM HOME
24x7 Security
Spacious Rooms
Veg Meals Canteen
Well-equipped Gym
Indoor Games Area
Library
Laundry & Housekeeping
Call 86579 96021
www.wittyhostels.com
HEAD OFFICE:
Witty Neelkanth Apartments,
Ramchandra Lane, Adarsh Nagar,
Malad (West), Mumbai 400 064.
Email: admin@wittyhostels.com


# खौड़ में श्री सच्चियाय माताजी मंदिर का निर्माण रवि संचेती फाउण्डेशन करेगा 14 मई को भूमिपूजन



शताब्दी गौरव

खौड़। ओसवाल वंश की कुलदेवी व जन जन की आस्था का केंद्र एसी श्री सच्चियाय माताजी मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसका भूमिपूजन श्री वल्लभ समुदाय के गच्छाधिपति आचार्य श्री विजय नित्यानंद सूरीश्वरजी महाराज के शिष्य रत्न आचार्य श्री चिदानंद सूरीश्वरजी महाराज की प्रेरणा से बुधवार,14 मई को होगा। मंदिर में गणेशजी, अंबिका देवी, लक्ष्मीजी एव सरस्वती जी की प्रतिमाएं भी बिराजमान होगी।

रवि संचेती फाउंडेशन द्वारा इस मंदिर का निर्माण स्व. लालचंदजी सी. संचेती की पावन स्मृति में बनाया जा रहा हैं। सुबह 8 बजे से बड़े रावले के पास,मेन बाजार में होनेवाले शिलान्यास समारोह के अवसर पर सायरबेन एल. सचेती, अशोक एल. संचेती, मदन एल. संचेती, रवि एल. संचेती, ऐहान रवि संचेती ने लोगों से उपस्थित रहने की व साधार्मिक भक्ति का लाभ लेने की विनंती की हैं।






लालचंदजी संचेती एवं सायरबेन संचेती



# नाइजीरिया में राजस्थानी समाज द्वारा ईस्टर पर 'कुछ गीता कुछ महाभारत' का आयोजन

नाइजीरिया। नाइजीरिया के राजस्थानी समाज द्वारा अध्यक्ष चीफ संजय जैन के नेतृत्व में, ईस्टर अवकाश के दौरान लैगोस में 3-दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम 'कुछ गीता कुछ महाभारत' का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें पंडित विजयशंकर मेहता के रुचिकर प्रवचनों को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लगभग 1,250 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें व्यवसायी नेता, विशिष्ट अतिथि और लैगोस के महावाणिज्य दूत चन्द्रमौली कर्ण और महेश, हेड ऑफ चांसरी भी शामिल थे। कार्यक्रम को उसकी सर्वांगीण प्रस्तुति के लिए व्यापक प्रशंसा मिली।

अध्यक्ष चीफ संजय जैन ने महासचिव कैलाश गग्गर और पूरी समिति को उनकी अथक मेहनत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष मनोहर काबरा का भी धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम की सफलता ने समुदाय की भावना और सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया और राजस्थानी समाज के गौरव को और भी बढ़ाया।











13वीं पुण्यतिथी पर

# श्रद्धासुमन



पर्यावरण प्रेमी

## हृदयस्थ श्री किशोरजी वालचन्दजी खीमावत

(मुंबई / खिमेल)

जन्म : ८ फरवरी १९५२ • अरिहंत शरण : ०९/०५/२०१२

कांटो में भी फूल खिलाएं आपने,
वीरान को भी गुलशन बनाया आपने।
जिन्दगी के अंधेरों में वो जलती मशाल थे,
मुसीबतों से बचाने को वो परिवार की ढाल थे।

### श्रद्धावंत

**धर्म पत्नी :** श्रीमती बसंतीदेवी किशोरजी खीमावत

**पुत्र-पुत्रवधु :** श्रीमती निशा राजन खीमावत, श्रीमती एकता राहुल खीमावत

**सुपुत्री :** श्रीमती रश्मी भरतकुमारजी जैन

**सुपौत्र :** आर्यन, देव **सुपौत्री :** श्रीमती प्रिशा रौनक सुराणा, भूमि

**दोहित्रा :** मानव **दोहित्री :** रूत्वी एवं समस्त खीमावत एवं हिंगड परिवार

श्री राज राजेन्द्र बसंतीदेवी किशोरमल खीमावत
चेरिटेबल ट्रस्ट - मुंबई - रानी


श्रीमती हुलासीबाई वालचंदजी खीमावत
रिलीजियस एन्ड चेरिटेबल ट्रस्ट - खिमेल

## बारह मास की तपस्या महान, हर दिन किया आत्मा का ध्यान। जिनशासन की सजीव मिसाल, तपस्वी को वंदन बारम्बार।

शताब्दी गौरव परिवार की ओर से वर्षीतप के तपस्वीयों की अनुमोदना



प. पू. मुनिराज श्री जैनेशचन्द्रसागरजी म.सा.


प.पू. साध्वी श्री सत्वज्योति श्रीजी म.सा.




कांतिलाल हस्तीमलजी ओसवाल
समदड़ी - पुणे


असौ. पुष्पा कांतिलालजी ओसवाल
समदड़ी - पुणे


हिराचंद पुखराजजी गुलेचा
चाणोद - मुंबई


असौ. मीना हिराचंदजी गुलेचा
चाणोद - मुंबई


असौ. हर्षा राहुलजी कोठारी
बागोल - मुंबई


असौ. हेमा रविन्द्रजी पालरेचा
सादड़ी - मुंबई


असौ. प्रमिला भरतजी बोराणा
शिवगंज - मुंबई


असौ. हेमलता मांगीलालजी इन्टोदिया
चन्देसरा - मुंबई

## श्री आत्म वल्लभ साधना केंद्र - जेतपुरा

के वार्षिक चढ़ावे ऑनलाइन बोले गए
जिसमे श्रद्धालुओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### चढ़ावो के लाभार्थी परिवार 2025 -26

अखंड दिपक- संघवी सरस्वतीबेन लखमीचंदजी खॉटेर -गुडाएन्दला
केशर पुजा- संघवी सुखीबेन मिश्रीमलजी धनेशा - गुडाएन्दला
पक्षाल पुजा- श्रीमती मंजुलादेवी सुरेश कुमारजी पोरवाल - पाली- दिल्ली
वासक्षेप पुजा- संघवी मोहनलालजी शंकरलालजी - बागरा
ब्रास पुजा- श्रीमती अकलावती भागचंदजी मेहता - खौड
फुल पुजा- शा घीसुलालजी देवीचंदजी सुराणा - बालराई
मुकुट पुजा- श्रीमती कंचनबेन विजयराजजी जीरावला परमार - इटन्द्रा
अंग लुछना- शा प्रकाशचंदजी मूलचंदजी मेहता - खौड
स्नात्र पुजा - शा केशरीमलजी राजमलजी सोलंकी - गुडा एन्दला
धुप पुजा - शा अशोककुमारजी ताराचंदजी सोलंकी - चांचोडी
आरती मंगल दिवा- शा अशोकजी अक्षयजी भंडारी, अशोक कैटर्स-पाली
गुरुदेव की आरती - शा शांती नाथजी जुगमंदिर जैन जीरावाले - लुधियाना
नाकोडा भैरवदेव का अखंड दिपक- शा अशोकजी मेहता, गौरव, सौरभ मेहता गरीमा टेक्सटाइल पाली
नाकोडा भैरवदेव की आरती- श्रीमती मंजुलादेवी सुरेशकुमारजी पोरवाल - पाली- दिल्ली
मणीभद्र वीर की आरती- श्रीमती चौथीबाई वीमल चंदजी - खौड
क्षैत्रपाल देव की आरती- शा अशोक कुमारजी अंबालालजी - चेन्नई
चक्रेश्वरी माताजी की आरती- चंचलबाई मदनलालजी, धर्मीबाई पारसमलजी बोहरा - मुंबई
पदमावती माताजी की आरती- श्रीलाला लाभचंदजी शांतीलालजी जैन - फरीदाबाद

# तखतगढ़ में भवन का भूमिपूजन शिलान्यास



तखतगढ़। धर्मनगरी तखतगढ़ में बनने वाले आधुनिक भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास गोड़वाड़ भूषण आचार्य श्री जयानंद सूरिश्वरजी महाराज (भोले बाबा), गणिवर्य जयकिर्ती विजयजी महाराज आदि ठाणा की पावन निश्रा में लाभार्थी परिवार मातुश्री शकुंतलाबेन पुखराजजी शाह परिवार के कांतिलालजी पुखराजजी शाह एवं असौ. रेखाबेन कांतिलालजी शाह के हाथों संपन्न हुआ। इस आधुनिक भवन में 72 सुपर लक्जरी रूम एवं 6 हॉल होंगे। कांतिलाल शाह परिवार द्वारा हाल ही में नाकोड़ा धाम में एक आधुनिक शानदार एवं सर्वसुविधायुक्त भोजनशाला का निर्माण भी कराया हैं। इस अवसर पर गुरूदेव ने शाह परिवार के निवास स्थान पर पगलिया कर आशिर्वाद प्रदान किया। श्री संघ द्वारा शाह परिवार का बहुमान किया गया।







## श्री आदर्श मंडल कैंप पुणे द्वारा स्वानंद जनकल्याण प्रतिष्ठान ने केंद्रों में टीवी एवं टेबलों का वितरण

पुणे। वीर बाजी पासलकर स्मारक, सिंहगढ़ रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम में श्री आदर्श मंडल कैंप पुणे ने स्वानंद जनकल्याण प्रतिष्ठान के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रतिष्ठान द्वारा संचालित 42 केंद्रों में 10 स्मार्ट टीवी और 250 अध्ययन टेबल का वितरण किया गया, जिसकी कुल राशि लगभग 2.25 लाख रुपये है। इस अवसर पर वीर बाजी पासलकर स्मारक को एक वॉटर प्यूरीफायर मशीन भी भेंट की गई। इस पहल से निश्चित रूप से छात्रों को शिक्षा में सहायता मिलेगी और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में मदद मिलेगी। श्री आदर्श मंडल कैंप पुणे की इस पहल की सराहना की जानी चाहिए और हमें उनकी इस सामाजिक कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पार्युषण पर्व के दौरान भक्ति कार्यक्रमों के लिए श्री आदर्श मंडल को प्राप्त राशि का उपयोग पूरी तरह से धर्मार्थ कार्यों के लिए किया गया था।

चैरिटी कमीशन के तहत पंजीकृत एक जैन मंडल के रूप में, श्री आदर्श मंडल अपनी धर्मार्थ गतिविधियों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। श्री आदर्श मंडल कैंप पुणे द्वारा भविष्य में भी ऐसे ही आयोजन होते रहेंगे।



19 वीं पुण्यतिथी पर

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि



## स्व. अभिषेक सुभाष खिमावत (जैन) खिमेल

**जन्म : ०६.०८.१९८४ • स्वर्गवास : १६.०५.२००६**

दिलों से याद ना जाती, आंखों से आसू आते हैं,
हृदय में टीस उठती है, जब याद आपकी आती है।
ईश्वर आपकी आत्मा को शांति प्रदान करें।
ऐसे प्यारे बेटे को, हम नमन करते हैं
सपरिवार मिलकर आज श्रद्धासुमन अर्पण करते है।

**❖ श्रद्धावनत ❖**

दादाश्री : स्व. बाबुलालजी वालचंदजी खिमावत
पिताश्री : सुभाष बाबुलालजी खिमावत
भाई : आगम बहन : आन्या
दादीश्री : पिस्ताबाई बाबुलालजी खिमावत
माताश्री : कान्ता सुभाष खिमावत
बहन-बहनोई : अभिलाषा विशालजी रांका

एवं समस्त खिमावत परिवार

**फर्म : डायमण्ड क्रिएशन्स प्रा. लि., मुंबई - चैन्नई - कोलकाता**

# राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन का 'कर्मभूमि से मातृभूमि' कार्यक्रम



# राजस्थान में जल संरक्षण के लिए प्रवासी उद्यमियों की पहल

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अपील पर राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन का सरकार को मिला साथ





सिद्धराज लोढ़ा

**शताब्दी गौरव**

मुंबई। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुंबई के प्रवासी राजस्थानियों से अपनी मातृभूमि के विकास में नई जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि राजस्थान में विकास कार्यों को गति देने में सदा से ही प्रवासी राजस्थानी समाज ने अहम भूमिका निभाई है, और अभी भी प्रवासियों की सहभागिता से ही राजस्थान विकास के क्षेत्र में अपने कदम तेज करेगा। प्रवासी राजस्थानी समाज की चार दशक पुरानी प्रतिष्ठित संस्था राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मुंबई में सहारा स्टार होटल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के मुताबिक राजस्थान का नए तरीके से तेज विकास हो रहा है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप राठौड़, अध्यक्ष सुखराज नाहर एवं संयोजक शैलेश लोढ़ा और सीए पंकज कर्णावत सहित कई सम्मानित प्रवासी नेता, उद्यमी और समाजसेवी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन के इस आयोजन में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पानी, ऊर्जा, रोजगार और उद्योग को प्राथमिकता देकर राज्य सरकार विकसित राजस्थान का सपना साकार करने में जुटी है। इस लक्ष्य में 8 करोड़ राजस्थानियों के साथ प्रवासी भाई-बहनों की भूमिका भी अहम होगी। जिसमे राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन को भी अहम भूमिका निभाने की उन्होंने अपील की। शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों की तारीफ करते हुए कहा कि वे अपनी कर्मभूमि के साथ मातृभूमि राजस्थान के विकास में भी योगदान दे रहे हैं। कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत राज्य में 45 हजार जल संरक्षण संरचनाएं बनेंगी, जो भूजल स्तर को सुधारेंगी। प्रवासी राजस्थानियों से अपने मातृ प्रदेश में निवेश की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में राजस्थान सरकार हर संभव मदद देगी। उन्होंने बताया कि निवेशकों और सरकार के बीच समन्वय के लिए आईएएस अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के विकास में सदा से प्रवासी महत्वपूर्ण सहयोग करते रहे हैं एवं जल संरक्षण के इस अभियान में भी मदद के हाथ बढ़े हैं, उनका यह सहायोग सराहनीय हैं।

राजस्थान में जल संरक्षण के क्षेत्र जन भागीदारी बढ़ाने के अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जल प्रबंधन की जरूरत पर जोर दिया। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, वन राज्य मंत्री मुकेश भाई पटेल और जोधपुर विधायक अतुल भंसाली, प्रवासी राजस्थानियो के नेता और पूर्व मंत्री राज के पुरोहित सहित कई प्रवासी राजस्थानी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजस्थानी समाज के प्रमुख लोगों की उपस्थिति देखकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासियों का यह जोश राजस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मुकेश पटेल, केंद्रीय व्यापारी वेलफेयर बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी, जीतो एपेक्स के चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, कार्यक्रम के आयोजक राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमेन प्रदीप राठौड़, अध्यक्ष सुखराज नाहर, पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा, प्रकाश बी. जैन, शांतिलाल कवाड़ ने भी इस अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में हितेश दोशी, राकेश मेहता, रमेश जैन, गणपत चौधरी, आनंद राठी, किरीट भंसाली, सौरभ बोरा, दिलीप चंदन, पारस गुंदेचा, खुबीलाल राठौड फ्लेयर, बी सी भल्लावत, सीए. खुबीलाल राठौड़, प्रकाश संघवी, मनोज मेहता, गौरव राठौड़, संपतराज चपलोत, ख्यालीलाल तांतेड, माणिकलाल शाह, अशोक मेहता, रानी नगर पालिका के चेयरमेन भरत राठोड़, रमेश रांका, प्रवीण धोका, राकेश चोपड़ा, गोविंद व्यास, सुरेंद्र दस्सानी नरेश ओझा, हसमुख राठोड़ और अनेक गणमान्य प्रवासी राजस्थानी भाई मौजूद थे। राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमेन प्रदीप राठोड़ ने मुख्यमंत्री शर्मा सहित आयोजन में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया।









## गोड़वाड़ में सफल रहा प्रदीप राठोड़ का जल संरक्षण अभियान



निरंजन परिहार

राजस्थान में गोड़वाड़ के राणकपुर इलाके में जल संरक्षण के लिए सेलो ग्रुप के चेयरमेन प्रदीप राठौड़ के नेतृत्व में चलाया जा रहा अभियान स्थानीय किसान समुदाय और पर्यावरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। इस विशिष्ट अभियान के तहत जल संरक्षण के संदर्भ में तालाबों की खुदाई और बांधों की भराव क्षमता बढ़ाने के प्रदीप राठोड़ के प्रयासों को काफी सराहना मिली है। राजस्थान में नाड़ी, तालाब, खाड़ी, और बावड़ी जैसी संरचनाएं ऐतिहासिक रूप से जल संरक्षण के आधार रहे हैं। हालांकि, आधुनिकता और अतिक्रमण के कारण इनकी स्थिति खराब हुई है। इसीलिए सरकारी पहल के साथ साथ समाजसेवी संस्थाओं के जरिए भी इस कार्य को किया जा रहा है। प्रदीप राठोड़ का जल संरक्षण अभियान उसी अभियान का अहम हिस्सा रहा है।

राणकपुर, जो पाली जिले में स्थित है, यह एक अर्ध-शुष्क व अर्ध पहाड़ी क्षेत्र है जहां जल संकट एक प्रमुख समस्या है। प्रदीप राठौड़ द्वारा चलाए जा रहे अभियान में पुराने तालाबों और नाड़ियों (पारंपरिक जलाशयों) की सफाई और गहरीकरण के कार्य शामिल है। अपने पिता घीसूलाल



बदामिया राठोड़ के नक्शे कदम पर चलते हुए प्रदीप राठौड़ द्वारा चलाया जा रहा सेवा कार्यों के इस अभियान में स्थानीय तालाबों से गाद हटाकर उनकी जल संग्रहण क्षमता को बढ़ाया गया है। गोड़वाड़ इलाके में कोई दो दशक पहले तालाबों और बांधों की जलभराव क्षमता बढ़ाकर क्षेत्र में जल संकट कम करने की दिशा में किशोर खीमावत ने बेहतरीन कार्य किया था। खीमावत की कोशिशों से कई गांवों के तालाबों में भराव क्षमता बढ़ी, तो कृषि को लाभ हुआ एवं कृषक की उत्पादकता भी बढ़ी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। किशोर खीमावत तो अब इस संसार में नहीं है, लेकिन उनका यह जल संरक्षण अभियान किसीनों और पशु-पक्षियों के लिए अभी भी पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही आसपास के कुओं व बावड़ियों के जलस्तर को भी बेहतर कर रहा है।

राजस्थान में सरकार ने जल संरक्षण के लिए तालाबों के निर्माण पर अनुदान जैसी कई योजनाएं चलाई हैं। गोड़वाड़ इलाके में प्रदीप राठौड़ के नेतृत्व में चल रहे जल संरक्षण अभियान इन योजनाओं के साथ समन्वय में काम करते रहे हैं। राठौड़ का राणकपुर इलाके में जल संरक्षण अभियान तालाबों की खुदाई और बांधों की भराव क्षमता बढ़ाने के माध्यम से क्षेत्र में जल उपलब्धता को बेहतर करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा है। यह कार्य न केवल गोड़वाड़ के पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, बल्कि स्थानीय कृषक समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। राजस्थान के विकास में प्रवासी राजस्थानी समाज का योगदान सदा महत्वपूर्ण रहा हैं।





## राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन और नाहर व राठोड़ की नई पहल

राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन एक ऐसी सामाजिक संस्था है जो प्रवासी राजस्थानी उद्यमियों द्वारा संचालित राजस्थानी समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान और कल्याण सहित शिक्षा, चिकित्सा, कला, संस्कृति, सेवा, रोजगार एवं संकटकाल में सहयोग के लिए समर्पित है। सन 1985 में इसकी स्थापना देश के जानेमाने डेवलपर एवं समाजसेवी सुखराज नाहर के नेतृत्व में हुई, एवं उन्हीं दिनों राजस्थान के भीषण अकाल में पानी की कमी से जुझ रहे लाखों लोगों एवं चारे की कमी से परेशान पशुधन को बचाने के लिए संस्था ने जबर्दस्त प्रयास किए। वर्तमान में देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति सेलो ग्रुप के चेयरमेन प्रदीप राठोड़, राजस्थानी वेलफेयर एसोसिशन के चेयरमेन एवं सुखराज नाहर अध्यक्ष हैं। नाहर के नेतृत्व में यह राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रेरणादायक उदाहरण साबित हुआ तो अब राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन प्रदीप राठोड के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के साथ मिलकर मारवाड़ इलाके में जल संरक्षण अभियान की नई पहल शुरू कर रहा हैं।

